सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन पर लगा पहला एस्केलेटर

ट्रायल टेस्ट के लिए तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई में अंडरग्राउंड मेट्रो परियोजना का निर्माण कार्य काफी तेज गति से हो रहा है। ३३ किमी लंबे कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज अंडरग्राउंड मेट्रो के टनल निर्माण का काम भी लगभग पूरा होने के कगार पर है। लगभग ५५ किमी (अप-डाउन) टनल का निर्माण भी हो चुका है। इसी बीच मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. (एमएमआरसीएल) ने गणेश चतुर्थी के मौके पर हाल ही में सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन पर रिकॉर्ड समय में एस्केलेटर लगा दिया है। ये एस्केलेटर ट्रायल टेस्ट के लिए अब तैयार है।

- **१८ दिन के रिकॉर्ड समय में बना**
- **प्रति घंटे ७,३०० यात्रियों को ढोएगा एस्केलेटर**

एमएमआरसीएल के मुताबिक मेट्रो लाइन ३ के सिद्धविनायक मेट्रो स्टेशन पर पहला एस्केलेटर लगाया गया है, जो कि ट्रायल रन के लिए अब तैयार है। इस एस्केलेटर की खासियत ये है कि ये एस्केलेटर ०.६५ मीटर के न्यूनतम स्पीड पर प्रति घंटे ७,३०० यात्रियों को ढो सकता है, जबकि ०.५ मीटर की नॉर्मल स्पीड पर ६,००० यात्रियों को प्रति घंटे ढोने की क्षमता है। एमएमआरसीएल के एमडी रंजीत सिंह देओल का कहना है कि इस एस्केलेटर को १८ दिन के रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है जो कि ट्रायल के लिए अब तैयार है।